# मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने जिलों को आवंटित 28 नई आधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन को गांधीनगर से दिखाई हरी झंडी

**गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी भी रहे मौजूद**

- अपराध-घटना या दुर्घटना स्थल के परीक्षण में वैज्ञानिक तरीके से प्राथमिक जांच और साक्ष्य एकत्र करने में मोबाइल फोरेंसिक वैन की भूमिका महत्वपूर्ण
- फोरेंसिक सेवाओं का दायरा बढ़ने से अपराधों की जांच तेज और प्रभावी होगी
- राज्य में मोबाइल फोरेंसिक वैन की संख्या 47 से बढ़कर 75 हुई

गांधीनगर, 11 सितंबर : मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार को गांधीनगर से राज्य के जिलों को आवंटित 28 नई अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन को गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए और समयानुकूल आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। नए आपराधिक कानूनों में कन्विक्शन रेट यानी दोषसिद्धि की दर को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक पद्धति से अपराधों की जांच को विशेष महत्व दिया गया है। इन कानूनों के अंतर्गत 7 वर्ष से अधिक की सजा वाले अपराधों में फोरेंसिक जांच को अनिवार्य किया गया है, तब फोरेंसिक साइंस की भूमिका और भी बढ़ जाती है।



अपराध-घटना या दुर्घटना स्थल के परीक्षण में वैज्ञानिक तरीके से प्राथमिक जांच एवं साक्ष्य एकत्रित करने में वैज्ञानिक अधिकारियों की उपस्थिति के साथ मोबाइल फोरेंसिक वैन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्य में इस प्रकार की और अधिक मोबाइल फोरेंसिक वैन के कार्यरत होने से फोरेंसिक क्षमता में वृद्धि हुई है। वर्तमान में फोरेंसिक जांच के लिए 47 वैन हैं, अब इन 28 नई फोरेंसिक वैन के शामिल होने से यह संख्या बढ़कर 75 हो जाएगी। इसके चलते फोरेंसिक जांच त्वरित और प्रभावी तरीके से हो सकेगी।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी ने कहा कि इस मोबाइल फोरेंसिक लैब में एनडीपीएस का तत्काल स्थल पर ही निरीक्षण, डीएनए टेस्ट की व्यवस्था है। यह मोबाइल फोरेंसिक वैन किसी भी प्रकार की आग लगने या आकस्मिक घटना या किसी भी प्रकार के अटैक-हमले की स्थिति में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में आवश्यक सभी उपकरणों से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि ये मोबाइल फोरेंसिक वैन आज से गुजरात की शांति और सुरक्षा में अहम योगदान देंगे

उल्लेखनीय है कि ये 28 नई मोबाइल फोरेंसिक वैन केंद्र और राज्य सरकार के अनुदान से आवंटित की गई हैं। अत्याधुनिक फोरेंसिक साधनों व उपकरणों वाली इन फोरेंसिक वैन को जिलों में कार्यरत फोरेंसिक विशेषज्ञों की राय के आधार पर सुसज्जित किया गया है। इन मोबाइल वैन से राज्य में फोरेंसिक सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी तथा अपराध की त्वरित और प्रभावी जांच संभव हो पाएगी।

इस अवसर पर गृह विभाग सह मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री एम.के. दास, राज्य पुलिस महानिदेशक श्री विकास सहाय, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) निदेशक श्री एच.पी. संघवी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फडणवीस बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने पर क्यों आगबबूला? बोले- ईश्वर सिद्धारमैया को सद्बुद्धि दे

(जीएनएस)।

कर्नाटक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बेंगलुरु के एक मेट्रो स्टेशन का नाम जल्द बदलने का ऐलान किया है। जिसके बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच फिर माहौल गरमा चुका है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सीएम सिद्धारमैया के बेंगलुरू के स्टेशन का नाम बदलने पर आगबबूला हो चुके हैं। इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है।

दरअसल, कर्नाटक सीएम बेंगलुरू के जिस मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने जा रहे हैं उस स्टेशन का नाम शिवाजी मेट्रो स्टेशन है। शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने के कर्नाटक सरकार के प्रस्ताव पर सीएम फडणवीस ने सिद्धारमैया खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उनको जमकर खरी खोटी सुनाई है।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घोषणा की है कि सेंट मैरी बेसिलिका के वार्षिक उत्सव के दौरान मिले अनुरोध के बाद उनकी सरकार स्टेशन का नाम 'सेंट मैरी' करने पर विचार करेगी।

फडणवीस बोले- यह छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान है



देवेंद्र फडणवीस ने इस कदम की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, "मैं सेंट मैरी के नाम पर बेंगलुरु में शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलने के कर्नाटक सरकार के कदम की निंदा करता हूं। यह छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान है।"

उद्धव ठाकरे की शिवसेना क्‍ यों कर रही सिंदूर रक्षा आंदोलन? बीजेपी मंत्रियों के बच्चों बनाया निशाना

उद्धव ठाकरे की शिवसेना क्‍ यों कर रही सिंदूर रक्षा आंदोलन? बीजेपी मंत्रियों के बच्चों बनाया निशाना

कांग्रेस ने नेहरू के समय से मराठा योद्धा...

फडणवीस ने आगे कहा, "कांग्रेस ने नेहरू के समय से मराठा योद्धा राजा का अपमान करने की अपनी परंपरा जारी रखी है, जिन्होंने अपनी किताब 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में शिवाजी महाराज के खिलाफ टिप्पणी की थी।"

"ईश्वर सिद्धारमैया को सद्बुद्धि दे"

देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सिद्धारमैया को सद्बुद्धि मिले ताकि वे धर्म पर आधारित और मराठा योद्धा राजा के विरुद्ध ऐसा निर्णय न लें। उन्होंने भारत में नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी अशांत स्थितियों को लेकर कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों पर भी कटाक्ष किया।

"विपक्ष का स्तर गिर गया है"

फडणवीस ने कहा कि विपक्ष का स्तर गिर गया है। उन्होंने कहा "आप सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, लेकिन समाज और देश की नहीं।" यह विवाद दोनों राज्यों में राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है।

डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने दिया जवाब?

वहीं इस आरोप के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया के बयान का बचाव किया। उन्होंने कहा, "हमने अभी इस पर चर्चा की है। मुझे लगता है कि एक अनुरोध आया है। अनुरोध करने में कुछ भी गलत नहीं है। हम इस पर विचार करेंगे।"

# कौन था ₹1 करोड़ का इनामी नक्सली मोदम बालकृष्ण, एक टिप ने करा दिया खेल खत्म!

(जीएनएस)।

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को हुई एक भीषण मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें संगठन का कुख्यात कमांडर मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण भी शामिल है, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था।

खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन

सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबलों को खुफिया इनपुट मिला था कि नक्सली कमांडर बालकृष्ण अपने दस्ते के साथ इलाके में मौजूद है। जानकारी की पुष्टि होते ही सुरक्षा एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई। बुधवार सुबह अभियान शुरू किया गया और कुछ ही घंटों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ छिड़ गई।

नक्सली कमांडर बालकृष्ण का काला इतिहास

मनोज उर्फ मोडेम बालकृष्ण नक्सली संगठन में शीर्ष नेतृत्व का हिस्सा था और उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे।




- हत्या और लूट की वारदातों में उसकी संलिप्तता साबित हो चुकी थी।
- पुलिस और सुरक्षाबलों पर कई हमलों का मास्टरमाइंड वह ही था।
- उसके सिर पर घोषित ₹1 करोड़ का इनाम इस बात का सबूत था कि वह संगठन में कितना प्रभावशाली और खतरनाक माना जाता था।

सुरक्षाबलों का कहना है कि बालकृष्ण की मौत नक्सलियों के संगठन के लिए एक बड़ा डैमेज है। उसे संगठन की रणनीति और योजनाओं का मुख्य संचालक माना जाता था।

संगठन की कमर टूटी

एक्सपर्ट का मानना है कि इस कार्रवाई से नक्सली संगठन की गतिविधियों को बड़ा झटका लगेगा। संगठन पहले ही कई इलाकों में कमजोर पड़ चुका है, ऐसे में बालकृष्ण की मौत उनके मनोबल को और गिरा सकती है। सुरक्षाबलों का दावा है कि बालकृष्ण की अगुवाई में पिछले कुछ सालों में जिन बड़े हमलों को अंजाम दिया गया था, उनकी जांच जारी है।

आगे की स्थिति

अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इलाके में अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है ताकि बच निकले नक्सलियों को पकड़ा जा सके। यह मुठभेड़ सुरक्षाबलों की एक ऐतिहासिक सफलता मानी जा रही है, जो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली के प्रयासों को मजबूती दे सकती है।

# कौन थे आरजेडी नेता रह चुके राजकुमार राय, जो तेजस्वी यादव के खिलाफ लड़ने वाले थे चुनाव, अब सरेआम की गई हत्या

(जीएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राजधानी पटना में सनसनीखेज वारदात ने सियासत गरमा दी है। बुधवार (10 सितंबर) देर रात राजद (फ्खऊ) नेता और कारोबारी राजकुमार राय उर्फ आला राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना पटना के मुन्नाचक इलाके की है, जहां अज्ञात हमलावरों ने राजकुमार राय पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। गंभीर हालत में उन्हें पीएमसीएच ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



यह हत्या ऐसे वक्त में हुई है जब राजकुमार राय आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में तेजस्वी यादव के गढ़ राघोपुर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उतरने की तैयारी कर रहे थे। ऐसे में आइए जानते हैं कि कौन राजकुमार राय और कैसे हुई उनकी हत्या। राजकुमार राय उर्फ आला राय मूल रूप से वैशाली जिले के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी थे। राजकुमार राय पेशे से कारोबारी थे लेकिन लंबे समय से राजनीति में सक्रिय थे। राजकुमार राय ने 2021 में राघोपुर जिला परिषद चुनाव में भी किस्मत आजमाई थी, लेकिन हार गए थे। पहले राजद से जुड़े रहे।

# पीएम मोदी के इस नारे के कायल हुए तानाशाह किम जोंग उन? अब उत्तराधिकारी हो सकती है ये खूबसूरत जेन-जेड लड़की!

(जीएनएस)।

दुनिया के सबसे रहस्यमयी और सख्त तानाशाही देश उत्तर कोरिया में एक ऐसा ट्विस्ट आया है, जो सियासत से लेकर जेंडर इक्वालिटी तक सबको हिला देगा। किम जोंग उन, जो न्यूक्लियर मिसाइलों और आइसोलेशन के लिए मशहूर हैं, अब 12-13 साल की खूबसूरत लड़की को उत्तराधिकारी बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

इसकी पुष्टि दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ठक्र ने गुरुवार (11 सितंबर) की है। और ये सब ढट मोदी के 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' नारे से इंस्पायर्ड लगता है, जिसे किम ने 'बेटी बढ़ाओ' में बदल दिया है। क्या ये पुरुष प्रधान समाज में क्रांति है, या स्ट्रैटेजिक मूव? आइए, इससे विस्तार से समझें...

किम जू ए का इंटरनेशनल डेब्यू: चीन ट्रिप ने मचाया धमाल

सितंबर 2025 की शुरूआत में किम जोंग उन अपनी बुलेटप्रूफ 'सन ट्रेन' से बेटी किम जू ए को लेकर चीन पहुंचे। बीजिंग में हहक्क की 80वीं एनिवर्सरी पर मिलिट्री परेड में उन्होंने चाइनीज प्रेसिडेंट शी जिनपिंग और रशियन प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन से मिले। लेकिन, सबकी नजरें जू ए पर टिक गईं-स्मार्ट ड्रेस में स्टैंडिंग, पापा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अक्सर नजर आतीं हैं। ठक्र ने कहा, 'ये ट्रिप उत्तराधिकार की स्टोरी को कंपलीट करने का पार्ट था। जू ए ने 'क्रांतिकारी नरेटिव' बिल्ड कर लिया है।' स्टेट मीडिया ने उन्हें 'सम्मानित बेटी' कहा, जो सिर्फ टॉप लीडर्स के लिए यूज होता है। पॉस्टेज स्टैंप्स पर भी पापा-बेटी की फोटो छपी।



ठक्र के सांसद ली सेओंग-क्वेउन ने कहा, 'जू ए को रिकग्नाइज्ड उत्तराधिकारी माना जा रहा है। अफवाहें हैं कि किम का कोई बेटा या डिसेबल्ड चाइल्ड है, या कोई स्टडी एब्रॉड कर रहा है-सब बकवास हैं। ठक्र ने चेक किया, ऐसा कुछ नहीं है। जू ए की उम्र 12-13 बताई जा रही है, और वो घुड़सवारी, स्कीइंग और स्विमिंग की शौकीन हैं। 2022 में कब्इट लॉन्च पर पहली बार पब्लिकली दिखीं, तब से मिलिट्री परेड्स, रिजॉर्ट ओपनिंग्स में साथ हैं। लेकिन क्या इतनी छोटी उम्र में लीडरशिप? एक्सपर्ट्स कहते हैं, किम फैमिली हेल्थ इश्यूज की वजह से जल्दी प्लानिंग कर रहे हैं।

उत्तर कोरिया जैसे गहरे पुरुष प्रधान सोसाइटी में, जहां कन्फ्यूशियन प्रिंसिपल्स से पुरुष ही फैसला लेते हैं, महिलाओं को वर्कफोर्स में होने के बावजूद सेकंड क्लास ट्रीटमेंट मिलता है। लेकिन किम जोंग उन ने अपनी बेटी को आगे बढ़ाकर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को ट्विस्ट दे दिया-'बेटी बढ़ाओ'! भारत में 2015 में शुरू हुई ये स्कीम कन्या भ्रूण हत्या, लिंग डिस्क्रिमिनेशन रोकने के लिए थी। हेल्थ मिनिस्ट्री के डेटा से उरफ 918 (2014-15) से बढ़कर 933 (2022-23) हो गया। जागरूकता कैंपेन, एजुकेशन और वेलफेयर से लड़कियां एम्पावर हुईं।

किम की बहन को भतीजी ने किया ओवरटेक!

क्या किम ने इसे कॉपी किया? एक्सपर्ट्स का मानना है, हां। उत्तर कोरिया में कोई बेटा न होने से जू ए को चुना गया। अगर वो सत्ता संभालेंगी, तो ये पुरुष-डॉमिनेटेड डायनेस्टी में पहली फीमेल लीडर होंगी। लेकिन चैलेंजेस? पूर्व ठक्र डायरेक्टर पार्क जी-वोन कहते हैं, 'उम्र कम, एक्सपीरियंस जीरो-कन्फ्यूशियन कल्चर में फीमेल लीडर को एक्सेप्ट करना मुश्किल है।' किम की सिस्टर किम यो जोंग (प्रोपगैंडा चीफ) पहले उत्तराधिकारी लग रही थीं, लेकिन जू ए ने ओवरटेक कर लिया। एक्सपर्ट्स कहते हैं, ये मूव मिलिट्री और पार्टी एलीट्स की लॉयल्टी सिक्योर करने का है।

क्या बनेगी जू ए नेक्स्ट किम?

नवंबर 2022 से जू ए की राइज रॉकेट स्पीड की है-मिसाइल टेस्ट्स से लेकर रिसॉर्ट्स तक। बीजिंग डेब्यू में मीडिया से दूर रखा गया, प्राइवेसी मेंटेन की। किम फैमिली का रूल 1948 से चला आ रहा-किम इल-सुंग से किम जोंग उन तक। अगर जू ए नेक्स्ट, तो न्यूक्लियर पावर वाली दुनिया की पहली फीमेल डिक्टेटर होंगी। लेकिन क्रिटिक्स कहते हैं, ये जल्दबाजी-उम्र छोटी, कल्चर पुरानी है। किम का कोई बेटा न होना ये मूव जरूरी बनाता है।

भारत का 'बेटी बचाओ' ग्लोबल इंस्पिरेशन बन गया-क्या किम का 'बेटी बढ़ाओ' कोरिया में रिवोल्यूशन लाएगा? या सिर्फ पॉलिटिकल स्ट्रैटेजी? दुनिया की नजरें प्योंगयांग पर टिकी हैं।

# 'सोनाली बेंद्रे बच गईं', सुनीता आहूजा ने बताया पति गोविंदा का सबसे बड़ा सीक्रेट, क्या हुई बात?

(जीएनएस)।

जब गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा और सोनाली बेंद्रे स्टेज पर मिलती हैं, तो उम्मीद है कि पुरानी यादें, हंसी और बिना किसी रोक-टोक वाला मजा देखने को जरूर मिलेगा। कलर्स के 'पति पत्नी और पंगा-जोड़ियों का रियलिटी चेक' में ठीक ऐसा ही हुआ।

सुनीता आहूजा ने गोविंदा के बारे में कही ऐसी बात

फैंस को गोविंदा की यादों, सुनीता आहूजा की मजाकिया अदाओं और उनके मशहूर ह्यूमर से भरपूर एक शानदार शाम मिली। जब मुनव्वर फारूकी ने सुनीता आहूजा को डांस करने के लिए कहा, तो उन्होंने तुरंत अपने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया- मैं तुम्हारी वाइफ नंबर 1 थोड़ी हूं जो तुम मेरे साथ डांस कर रहे हो।

पत्नी सुनीता आहूजा ने खोला गोविंदा का राज

शो के इस एपिसोड ने सुनीता आहूजा को बातचीत पर अपना दबदबा बनाने का मौका भी दिया। शाम की सबसे मजेदार बात तब हुई जब सुनीता आहूजा ने एक ऐसा राज बताया जिससे सभी दर्शक और कंटेस्टेंट हंस-हंसकर लोटपोट हो गए।

सोनाली बेंद्रे गोविंदा की नजरों से बच गईं

सुनीता आहूजा ने कहा- मेरे पति गोविंदा ने लगभग हर एक्ट्रेस के साथ मजाकिया अंदाज में फ्लर्ट किया है लेकिन सोनाली बेंद्रे ऐसी अकेली महिला थीं, जिनसे उन्होंने कभी फ्लर्ट नहीं किया। ये बात सुनकर सभी कपल्स हैरान रह गए और दर्शक जोर-जोर से हंसने लगे, जबकि सोनाली बेंद्रे स्टेज पर शर्मा गई थीं।



सुनीता आहूजा ने किया धमाकेदार डांस

-सुनीता आहूजा ने सभी को और भी हैरान कर दिया जब उन्होंने गोविंदा का एक बड़ा सा कटआउट दिखाया, जिसके बाद सोनाली बेंद्रे, सुनीता खुद और बाकी कंटेस्टेंट ने 'मैं तो रस्ते से जा रहा था' गाने पर धमाकेदार डांस किया।

-कॉमेडी और भी मजेदार तब हो गई जब सुदेश लेहरी कटआउट के पीछे छिपकर गोविंदा की नकल करने लगे और अभिषेक कुमार को मजाकिया अंदाज में थप्पड़ मार दिया, जिससे माहौल और भी मनोरंजक हो गया।

गोविंदा को सुनीता आहूजा ने दी रेटिंग

-हंसी-मजाक जल्द ही एक मजेदार "मैरिटल रिपोर्ट कार्ड" सेगमेंट में बदल गया, जब ईशा मालवीय ने सुनीता आहूजा से अपने पति गोविंदा को रेटिंग देने के लिए कहा। अपनी भूलने की आदत के लिए मशहूर गोविंदा को जिम्मेदारी के लिए सुनीता ने उन्हें 10 में से 7 अंक दिए।

-असली हैरानी तब हुई जब सुनीता आहूजा ने पति गोविंदा की ईमानदारी को 6 अंक दिए। इस बात ने सभी को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस पल ने ये साबित कर दिया कि सुनीता का सहज हास्य और मजाकिया अंदाज दर्शकों का मनोरंजन करने में बेजोड़ है।

सुनीता आहूजा ने बताया गोविंदा का सीक्रेट

-अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए सुनीता आहूजा ने कहा- पति पत्नी और पंगा शो में शामिल होना पुरानी यादों की एक खूबसूरत यात्रा जैसा था, जो कुछ अनकही बातों और हंसी से भरा था। गोविंदा के गानों पर फिर से डांस करना, सोनाली बेंद्रे के साथ स्टेज शेयर करना और इतने सारे प्यारे जोड़ों की मस्ती भरी एनर्जी का आनंद लेना मुझे बहुत अच्छा लगा।

-सुनीता आहूजा ने आगे कहा- सोनाली बेंद्रे के साथ बिताया वह समय और भी खास था। हम हंसे और पुरानी मजेदार यादें ताजा कीं। मैंने बताया कि गोविंदा ने भले ही कई लोगों से फ्लर्ट किया हो, लेकिन सोनाली बेंद्रे ही बच गईं। उन पलों को फिर से जीना, कुछ अनकही बातें शेयर करना और गोविंदा स्टाइल एंटरटेनमेंट का जश्न मनाना सच में बहुत खास था, जो हमेशा से मेरी जिंदगी का एक अहम हिस्सा रहा है।

# चार्ली किर्क की मौत पर बीवी की खूबसूरती का जिक्र? कौन है ये लेडी? जिसपर ट्रंप भी हो गए मोहित

(जीएनएस)।

टर्निंग पॉइंट यूएसए के सीईओ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेहद करीबी रहे चार्ली किर्क की बुधवार को यूटा के ओरेम स्थित यूटा वैली यूनिवर्सिटी (यूवीयू) में एक कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसके बाद से अमेरिका में मातम पसरा है। खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिक की मौत को 'अमेरिका का काला अध्याय' बताते हुए कहा है कि 'वो दोषियों को छोड़ेंगे नहीं।'

आपको बता दें कि चार्ली क्रिक अपने पीछे अपनी पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी का नाम एरिका फ्रांत्जवे हैं। एरिका पूर्व मिस एरिजोना यूएसए रह चुकी हैं और बलां की खूबसूरत हैं। उनकी सुंदरता का आलम ये है कि ट्रंप ने अपने शोक संदेश में भी उनकी सुंदरता का जिक्र किया।

'ब्यूटी आईकॉन' के अलावा वो एक सफल बिजनेस वुमन, पॉडकास्टर और सोशल वर्कर हैं। सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय एरिका कैथोलिक फैमिली से हैं और लोग उन्हें Beauty with Brain कहते हैं।

Charlie Kirk

उन्हें Arizona State University से पढ़ाई की और खेलों के प्रति उनका बचपन से ही लगाव था। वो




बास्केटबॉल और वॉलीबॉल की बढ़िया खिलाड़ी रही हैं। वो रेगिस विश्वविद्यालय में एक छात्र-एथलीट के रूप में ही जानी जाती थीं लेकिन इसके बाद उनका रूझान फैशन की ओर हुआ और उन्होंने Miss Arizona USA 2012 का खिताब जीता।

साल 2018 में हुई थी Charlie Kirk और एरिका की पहली मुलाकात

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चार्ली किर्क और एरिका की पहली मुलाकात साल 2018 में हुई थी। एरिका क्रिक के तेज दिमाग और क्रिक उनकी ब्यूटी से बहुत ज्यादा प्रभावित थे, जिसके चलते ही दोनों जल्द ही प्यार के बंधन में बंध गए।

Charlie Kirk

8 मई 2021 को Charlie Kirk की हुई थी शादी

दिसंबर 2020 में चार्ली ने एरिका को प्रपोज किया और 8 मई 2021 को दोनों ने शादी कर ली। ये कपल अगस्त 2022 में पहले बेटी और फिर दो साल बाद बेटे का मम्मी-पापा बना।

Charlie Kirk

कैसे हुई Charlie Kirk की हत्या?

10 सितंबर को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक ओपन फोरम में किर्क मास शूटिंग्स पर सवाल का जवाब दे रहे थे कि तभी उनकी गर्दन में गोली लगी और वो गिर।

जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी हत्या की जानकारी

किर्क के मारे जाने की जानकारी खुद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दी जिसमें उन्होंने कहा है कि 'महान नहीं, बल्कि Legendary, चार्ली किर्क का निधन हो गया। संयुक्त राज्य अमेरिका में युवाओं के दिल को चार्ली से बेहतर कोई नहीं समझ सकता था। सभी खासकर मैं उन्हें प्यार और सम्मान देता था और अब वह हमारे बीच नहीं हैं। मेलानिया और मेरी संवेदनाएं उनकी खूबसूरत पत्नी एरिका और परिवार के साथ हैं चार्ली, हम तुमसे प्यार करते हैं!'